श्रीमति आशा कुमारी महिला कानि0 से बाहर नाली में फिंकवाया गया एवं अखबार व प्लास्टिक कि डिस्पोजल गिलास को जलाकर नष्ट करवाया गया। तत्पश्चात परिवादी को हिदायत दी गई कि आरोपी श्री संजु सुखवाल को उनकी मांग अनुसार 2,40,000/– रूपयें रिश्वती राशि मांगने पर ही देवे तथा रिश्वती राशि देने से पूर्व या देने के बाद उनके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए, यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करें एवं रिश्वती राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रदर्शन न करे। समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों के भी हाथों को साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये एवं परिवादी को छोडकर समस्त ट्रेप पार्टी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जामा तलाशी स्वतंत्र गवाहान से लिवाई तथा स्वतंत्र गवाहों के आपस में एक दूसरें से जामा तलाशी लिवाई गई जिसमें विभागीय पहचान पत्र तथा अपने–अपने मोबाईल के अलावा अन्य कोई वस्तु नहीं रहने दी गई। तत्पश्चात गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी–अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादीगण तथा आरोपी के मध्य होने वाले रिश्वत राशि के लेन–देन को देखने व वार्तालाप को सुनने का प्रयास करें। तत्पश्चात परिवादी को हिदायत दी कि आरोपी के रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात अपने सिर पर दोनो हाथों को फैरने का निर्धारित गोपनीय ईशारा करने के सम्बन्ध में बताया तथा उक्त गोपनीय निर्धारित ईशारे के सम्बन्ध में दोनो स्वतन्त्र गवाहान एवं ब्यूरो टीम के सदस्यों को समझाया गया। तत्पश्चात् परिवादी श्री सागर मेडी को डिजिटल वॉईस टेप रिकॉर्डर जिसमें मेमोरी कार्ड लगा हुआ में रिश्वत राशि लेन–देन के वक्त होने वाली वार्ता की रिकार्डिंग करने हेतु संचालन की विधि पुनः समझाईस की गई तत्पश्चात मालखाना प्रभारी श्री श्याम लाल हैड कानि0 से फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को सुरक्षित ब्यूरो कार्यालय के मालखाने में रखवाई गई तथा महिला कानि0 को ब्यूरो कार्यालय में ही उपस्थित रहने के सम्बन्ध में हिदायत दी गई । उक्त कार्यवाही की फर्द प्रदर्शन फिनोफ्थलीन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट तथा पेशकशी एवं सुपुर्दगी नोट पृथक से मुर्तीब कर दोनो परिवादीगणों एवं सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवा शामिल कार्यवाही की गई । उक्त कार्यवाही की फोटोग्राफी भी की गई जो शामील पत्रावली की गई ।

इसके उपरान्त समय करीब 02.05 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू, स्वतन्त्र गवाह डॉ. मनोज पुरोहित मय ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री नेमीचन्द ए.एस.आई, श्री दलपत सिंह हैड कानि0, श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0, श्री खालिद हुसैन कानि0, श्री सुनिल कुमार कानि0 मय सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 चालक मय ट्रेप बॉक्स मय लेपटॉप, प्रिन्टर मय यू.पी.एस. एवं आवश्यक सामग्री के तथा ब्यूरो टीम के अन्य सदस्यगण श्री श्याम लाल हैड कानि0 मय स्वतन्त्र गवाह श्री सुरेश चन्द्र रैगर एवं श्री मांन सिंह कानि0 एवं परिवादी श्री दिनेश तिवाडी को निजी मोटर साईकिल से बजानिब कार्यवाही हेतु ग्राम जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ से आगे–आगे रवाना कर हम सभी रवाना हुए । तत्पश्चात् समय करीब 03.05. पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू मय हमराहीयान उपरोक्त फिगरा का ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ से अपने–अपने वाहनों के रवाना शुदा ग्राम जाडाना तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ के पास पहूंचे जहां पर जिस पर सरकारी वाहन एवं निजी मोटर साईकिलों को साईड में खडा करवाकर परिवादी को आवश्यक हिदायत मुनासिब कर डिजिटल वॉईस टेप रिकॉर्डर को चालु व बन्द करने के सम्बन्ध में पुनः समझाईश करने के पश्चात् वाहनों को साईड में अलग–अलग खडा करवाने के उपरान्त परिवादी को कार्यालय ग्राम पंचायत समिति जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ के लिये रवाना कर हम सभी ट्रेप पार्टी के सदस्यगण अपनी–अपनी उपस्थिति को छूपाते हुए परिवादी के निर्धारित गोपनीय ईशारें के ईन्तजार में मुकीम रहें ।

इसके उपरान्त समय करीब 04.30 पी.एम. पर दर्ज रहे कि समय 04.20 पीएम पर परिवादी श्री दिनेश चन्द्र तिवाडी पुत्र श्री नन्द लाल तिवाडी उम्र 46 निवासी जाडाना थाना राशमी जिला चित्तौडगढ ने ग्राम पंचायत परिसर के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय के चैनल गेट के बाहर खडा होंकर निर्धारित ईशारा किया जिसे गवाह श्री सुरेश चन्द्र रेगर नर्सिंग आफिसर ने देखकर ग्राम पंचायत परिसर के मैन फाटक के बाहर खडे श्री मान सिंह कानि0 एंव श्री सूरज कानि0 को अन्दर आने का ईशारा किया तथा श्री मान सिंह कानि0 ने अपने मोबाईल से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को कॉल कर बताया, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय

हमरायन अविलम्ब शिघ्रता तेज गति से चलते हुये ग्राम पंचायत परिसर पहुंचे तथा परिवादी ने डिजिटल वॉईस टेप रिकॉर्डर पेश किया जिसे बन्द कर मैनें अपने पास सुरक्षित रखा। परिवादी ने हाथ से ईशारा कर बताया की कार्यालय ग्राम पंचायत में सभा भवन के अन्दर सरपंच श्री संजय सुखवाल एवं उनके साथी भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक बैठे है। अभी अभी मेरे से 2,40,000/– रूपयें की रिश्वत राशि मांग अनुसार सरपंच श्री संजय सुखवाल ने प्राप्त कर दो गड्डी स्वयं के पास और शेष गड्डीयां गिनने के लिये अपने साथी श्री रतन लाल खटीक को दिये है जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा गवाहान व हमराहीयान के साथ परिवादी को साथ लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय के सभा भवन के अन्दर प्रवेश किया तो एक व्यक्ति चारपाई पर बैठा हुआ एवं एक व्यक्ति बिस्तर के सैट पर बैठा हुआ मिला। जिसमें से एक व्यक्ति ने जिन्स की पेन्ट व शर्ट के उपर जर्सी पहने हुए शाल ओढे हुए व दुसरे व्यक्ति ने पेन्ट शर्ट पहने हुए बिस्तर के सैट पर बैठा हुआ जिसकी ओर परिवादी ने ईशारा कर कहा की चारपाई पर बैठा व्यक्ति सरपंच साहब संजय सुखवाल है एवं बिस्तर के सैट पर बैठा हुआ व्यक्ति भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक है, जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त दोनों व्यक्तियों को स्वंय का परिचय देकर अपने आने के मन्तव्य से अवगत करा चारपाई पर बैठे व्यक्ति से उसका परिचय पूछा तो उसनें अपना नाम संजय सुखवाल पुत्र श्याम लाल सुखवाल जाति ब्रहाम्ण उम्र 38 वर्ष निवासी जाडाना तहसील राशमी पुलिस थाना राशमी जिला चित्तौडगढ हाल सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ व बिस्तर सैट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रतन लाल खटीक पुत्र श्री लोभचन्द खटीक जाति खटीक उम्र 43 वर्ष निवासी जाडाना तहसील राशमी पुलिस थाना राशमी जिला चित्तौडगढ भूतपूर्व सरपंच होना बताया। इस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच से परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से 2,40,000/–रूपये रिश्वत राशि के सम्बध में पुछा तो आरोपी सरपंच श्री संजय सुखवाल ने बताया कि मैंने तो श्री दिनेश तिवाडी से डीएलसी दर पर भूखण्ड साईज 30 गुणा 45 साईज कुल क्षैत्रफल 1350 वर्गफिट भूखण्ड प्रतिवर्ग फिट 70 /–रू की डीएलसी दर से कुल राशि 94,500/– रू. बनती है, मेरे को दिनेश जी तिवाडी ने दिनांक 14.11.2023 को 40,000/–रू. एवं दिनांक 29.11.2023 को 60,000/–रू. सहीत कुल राशि 1,00,000/–रू. दिये है। जो डीएलसी दर की राशि के हिसाब से लिये है, और आज दिनांक 01.12.2023 को 2,40,000/–रू. मुझे दिये जो खर्चे पानी के लिये है। मेरे से गलती हो गई है मुझे माफ कर दो, आईन्दा ऐसी गलती नही करूगां(आरोपी के मौके पर दिये गये स्पष्टीकरण की मेरे मोबाईल से विडियों ग्राफी मानसिंह से करवाई गई) जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आरोपी सरपंच श्री संजय सुखवाल के कथनो के सम्बध में परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से पूछा तो परिवादी ने बताया कि सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना श्री संजय सुखवाल द्वारा मेरे से मेरे घर के सामने स्थित भूखण्ड साईज 30गुणा 45 वर्गफिट कब्जाशुदा का पट्टा देने के लिये 3,40,000/–रू की मांग की तथा सरपंच ने कहा कि यदि रूपये नही देता है तो कब्जा हटाकर किसी और को पट्टा दें दूंगा जिस पर मैने दिनांक 07.11.2023 को सरपंच श्री संजय सुखवाल भ्रष्ट को रिश्वत राशि लेते हुए को पकडवाने हेतु ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ में दिनांक 07.11.2023 को उपस्थित होकर शिकायत पेश की जिस पर ब्यूरो कार्यालय द्वारा दिनांक 09.11.2023 को सत्यापन वार्ता मेरे व सरपंच श्री संजय सुखवाल के मध्य हुई एवं दिनांक 14.11.2023 को फिर रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु ब्यूरो कार्यालय के कार्मिक के साथ गया तब 40,000/–रू लियें एवं दिनांक 29.11.2023 को पुनः रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु गया था तब सरपंच ने 60,000/–रू. लेते हुए दो लाख चालिस हजार रू. की और मांग की गई मांग अनुसार आज जब मैं ग्राम पंचायत कार्यालय के पास गया तो सरपंच साहब श्री संजय सुखवाल एवं संदिग्ध भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक दोनों साथ में ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर मिले जिनके साथ में ग्राम पंचायत कार्यालय जाडाना के अन्दर पहुचें और मुझे शेष राशि देने का ईशारा कर कहा तब मैने 500–500 रू. के नोटों की पांच गड्डीया जिसमें 50–50 हजार रू. की चार गड्डीयां व 40 हजार की एक गड्डी सहीत कुल राशि 2,40,000/–रू. मैने सरपंच श्री संजय सुखवाल के हाथों में थमाई तो मेरे सामने ही सरपंच साहब ने उक्त नोटों में से तीन गड्डीयां गिनने के लिये भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक को देकर शेष दो गड्डीयों को स्वयं भी गिनने लगे। इतने

में मैं ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर आकर चैनल गैट के पास आकर गवाह श्री सुरेश चन्द्र को देखकर पूर्व निर्धारित सिर पर हाथ फरने का ईशारा किया फिर कुछ समय बाद आप सब मेरे पास आ गये। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षंक ने आरोपी श्री संजय सुखवाल के साथी संदिग्ध भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक जो मौके पर उपस्थित है उनसे परिवादी एवं आरोपी श्री संजय सुखवाल द्वारा बताये गये उपरोक्त कथनों के सम्बन्ध में मे पूछा तो संदिग्ध श्री रतन लाल खटीक भूतपूर्व सरपंच ने बताया कि मुझे दिनेश जी तिवाडी से सरपंच साहब श्री संजय सुखवाल द्वारा किस बात के 2,40,000/—रू. लिये है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मुझे तो सरपंच साहब ने श्री दिनेश तिवाडी से पैसा लेकर मुझे गिनने के लिए दिये थे जो मैं गिन रहा था इतने में आप लोग (ब्यूरो टीम) आ गये मुझे तो हकीकत का पता अब लगा है। जबकी डीएलसी दर से भूखण्ड की राशि एक लाख रूपये से भी कम बनती है। परन्तु सरपंच साहब ने दो लाख चालीस हजार रूपये अभी लिये जो मेरे सामने लिये है। और पूर्व में भी एक लाख रूपयें लिया जाना बताया जा रहा है, जो की कुल राशि तीन लाख चालिस हजार रूपये लिये गये है, जो गलत है। मुझे पूर्व में लिये गये एक लाख रूपये के सम्बन्ध में पहले से जानकारी नही है। मैं सरपंच साहब के कहने पर रूपयों को गिनरहा था, मेरा इस राशि से कोई लेना देना नहीं है, मुझे माफ कर दो। जिस पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से आरोपी श्री संजय सुखवाल एवं संदिग्ध भूतपूर्व सरपंच श्री रतन लाल खटीक के उपरोक्त कथनों के सम्बन्ध में पुनः पूछा तो परिवादी ने उपरोक्त कथनों की पुष्टी की गई। परिवादी ने बताया कि आपस में ये दोनों दोस्त है सरपंच के ठेकेदारी के कार्य ये ही करते है। जब मैने थाना राशमी पर रिपोर्ट दी थी तो सरपंच ने रतन लाल खटीक से मेरे खिलाफ धारा 3 एससी एसटी एक्ट की झूठी रिपोर्ट दिलाकर मुझे समझोते के लिये मजबूर कर दिया और मेरी चालिस वर्ष की कब्जे वाली जमीन पट्टा देने के लिये मेरे से जबरदस्ती रिश्वत मांग रहे है। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच से परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से दिनांक 14.11.2023 को राशि चालीस हजार रू. एवं दिनांक 29.11.2023 को राशि साठ हजार रू. सहीत कुल एक लाख रूपये प्राप्त किये जो कहां हैं बाबत् पूछताछ की तो श्री संजय सुखवाल सरपंच ने बताया उक्त एक लाख रूपये मेरे भाई राजेन्द्र सुखवाल के पास रखवाये हुए है। इस पर श्री राजेन्द्र सुखवाल के फोन पर कॉल करने का प्रयास किया किन्तु फोन नहीं लगा। आरोपी ने बताया कि बबलू के फोन पर बात करते है शायद राजेन्द्र उसके साथ ही होगा। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने हैड कानि0 ओमप्रकाश के मोबाईल नम्बर 94602 02454 से आरोपी के मित्र श्री बबलू पारीक के मोबाईल नम्बर 8696575412 पर आरोपी के भाई श्री राजेन्द्र सुखवाल से वार्ता करवाई तो श्री राजेन्द्र सुखवाल ने कहा कि मैं उक्त एक लाख रूपये जो मेरे भाई सरपंच श्री संजय सुखवाल ने दे रखे है, जो मैं लेकर आ रहा हूं। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उपरोक्त दोनों स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच को पूर्व में दिनांक 09.11.2023, 14.11.2023 एवं दिनांक 29.11.2023 को परिवादी श्री दिनेश तिवाडी एवं स्वयं के मध्य हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता को मौके पर ही सुनाई गई तो आरोपी श्री संजय सुखवाल ने अपनी आवाज होने की पुष्टी की तथा अपनी गलती होना स्वीकार किया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उक्त रिश्वत राशि में ग्राम सचिव का हिस्सा होने के सम्बन्ध में सरपंच श्री संजय सुखवाल से पूछा तो बताया कि उक्त राशि में ग्राम सचिव का कोई लेना देना नहीं है। सचिव साहब तो दिनांक 25.11.2023 से ही चुनाव ड्यूटी में चल रहे है, उनको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, तथां श्री दिनेश तिवाडी को डीएलसी दर पर भूखण्ड देने से सम्बन्धित ग्राम पंचायत जाडाना में कोई आवेदन एवं इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही ग्राम पंचायत के रिकार्ड पर नही है। अभी तक मेरे स्तर पर ही सारा काम अनरिकार्डेड है। उपरोक्त पुछताछ के दौरान मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने मोबाईल से ऑडियों एवं विडियों व फोटोग्राफ लिये गये जो रिकार्ड पर रखा जावेगा। रिश्वत में लिये गये रूपयें जो कि एसीबी टीम के कक्ष में प्रवेश करते वक्त दो गड्डीयां (एक लाख रू.) संजय सुखवाल के हाथ में एवं शेष तीन गड्डीयां (एक लाख चालीस हजार रू.) श्री रतन खटीक के हाथ में है जो टेबल पर रखवई गई। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी एवं आरोपी संजय सुखवाल हाल सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ एवं संदिग्ध

श्री रतन लाल खटीक भूतपूर्व सरपंच के कथनों से रिश्वत राशि ग्रहण की गई स्वीकारोक्ति पर उनके द्वारा ग्रहण की रिश्वत राशि के बारें में प्रमाणिकता हेतु सरकारी वाहन टवेरा मे से श्री शैर सिह कानि0 चालक से ट्रेप बॉक्स मंगवाया गया। ट्रेप बॉक्स में सें चार साफ डिस्पोजल प्लास्टिक के गिलास निकलवाये जाकर कार्यालय ग्राम पंचायत जाडाना के सभा भवन में रखें पीने के पानी के केम्पर से पानी भरवाया गया। उक्त चारों डिस्पोजल गिलासों में श्री ओमप्रकाश हैड कानि0 से एक–एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट डलवा कर घोल तैयार करवाया गया तो चारों डिस्पोजल गिलासों के घोल का रंग अपरिवर्तित रहा। एक डिस्पोजल की गिलास के घोल में आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच के दांहिने हाथ की अंगुलियों व अगूंठे को डूबोकर धुलवाया गया तो उक्त धोवण का रंग गुलाबी होने से स्वतन्त्र गवाहान व उपस्थित हमराहीयान ने स्वीकार किया जाकर उक्त धोवन के घोल को नियमानुसार दो साफ कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर शीशियों को सिलचिट कर मार्क RH-1 व RH-2 अकिंत कर सिलचिट कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। दुसरे डिस्पोजल गिलास के घोल में आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच के बायें हाथ की अंगुलियों व अगूंठे को डूबोकर धुलवाया गया तो उक्त धोवण का रंग गुलाबी होने से स्वतन्त्र गवाहान व उपस्थित हमराहीयान ने स्वीकार किया जाकर उक्त धोवन के घोल को नियमानुसार दो साफ कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर शीशियों को सिलचिट कर मार्क LH -1 व LH- 2 से अंकित कर सिलचिट कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। तीसरे डिस्पोजल की गिलास के घोल में संदिग्ध श्री रतन लाल खटीक भूतपूर्व सरपंच के दांहिने हाथ की अंगुलियों व अगूंठे को डूबोकर धुलवाया गया तो उक्त धोवण का रंग गुलाबी होने से स्वतन्त्र गवाहान व उपस्थित हमराहीयान ने स्वीकार किया जाकर उक्त धोवन के घोल को नियमानुसार दो साफ कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर शीशियों को सिलचिट कर मार्क R-1 व R-2 अकिंत कर सिलचिट कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। चौथे डिस्पोजल गिलास के घोल में संदिग्ध श्री रतन लाल खटीक भूतपूर्व सरपंच के बायें हाथ की अंगुलियों व अगूंठे को डूबोकर धुलवाया गया तो उक्त धोवण का रंग गुलाबी होने से स्वतन्त्र गवाहान व उपस्थित हमराहीयान ने स्वीकार किया जाकर उक्त धोवन के घोल को नियमानुसार दो साफ कांच की शीशियों में आधा–आधा भरवाया जाकर शीशियों को सिलचिट कर मार्क L-1 व L- 2 से अंकित कर सिलचिट कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। चारों डिस्पोजल के गिलासों को गवाह श्री सुरेश चन्द्र से जलाकर नष्ट करवाये गयें । तदोपरान्त गवाह श्री सुरेश चन्द्र से टेबल पर रखी हुई रिश्वत राशि उठवाई जाकर उक्त राशि के समस्त नोटो को दोनों स्वतन्त्र गवाहान से गिनवाया तो दोनो गवाहान ने 500–500 रूपये के 480 नोट कुल 2,40,000/–रूपये होना बताया। जिस पर उक्त नोटो का मिलान पूर्व में मुर्तिब की गई फर्द पेशकशी एवं सुपुर्दगी नोट एवं दृष्टान्त फिनोफ्थलीन एवं सोडियम कार्बोनेट में अंकित नोटो से दोनो गवाहों द्वारा करवाया गया तो नोटो का हुबहु मिलान होना पाया गया। नोटो के नम्बरों को फर्द में अंकित किये गये । उक्त बरामद शुदा नोटों पर एक कागज की चिट लगाकर सीलचिट किया जाकर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये जाकर वजह सबूत जब्त किया गया । इसके उपरान्त मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी श्रीं संजय सुखवाल सरपंच से परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से सम्बन्धित ग्राम पंचायत जाडाना से सम्बधित रिकार्ड उपलब्ध कराने बाबत् पूछा तो ग्राम सचिव चुनाव ड्यूटी में होना तथा रिकार्ड से सम्बन्धित कक्ष की चाबी ग्राम सचिव के पास होना बताया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्रेप प्रकरण में वान्छित परिवादी से सम्बन्धित ग्राम पंचायत का रिकार्ड प्राप्त करने हेतु पृथक से पत्र जारी कर रिकार्ड प्राप्त किया जावेगा, तथा संदिग्ध श्री रतन लाल खटीक भूतपूर्व सरपंच की भूमिका के सम्बन्ध में अनुसंधान में किया जावेगा। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की लिखा पढी जरिये लेपटॉप मौके पर कार्यालय ग्राम पंचायत जाडाना में बैठकर की गई । उपरोक्त कार्यवाही की फर्द हाथ धुलाई एवं बरामदगी रिश्वती राशि मूर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये।

इसके उपरान्त समय करीब 05.50 पी.एम. पर चूंकि ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ के भवन में बिजली के बार–बार आने–जाने एवं ग्रामीणों की आस–पास भीड एकत्रित होने से अग्रिम ट्रेप कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका है इसलिये मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अग्रिम लिखा–पढी हेतु ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ जाना उचित है तथा

संध्याकाल का समय हो जाने से आरोपी के रिहाईशी आवास की खाना तलाशी एवं घटनास्थल का नक्शा मौका मुर्तीब नही किया जा सकता है अतः श्री श्याम लाल हैड कानि0 को आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल के रिहाईशी आवास की निगरानी हेतु ग्राम जाडाना में ही छोडकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय गवाह डॉ. मनोज पुरोहित, श्री सुरेश चन्द्र रैगर मय ट्रेप पार्टी के सदस्यगण श्री नेमीचन्द ए.एस.आई, श्री दलपत सिंह हैड कानि0, श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0, श्री खालिद हुसैन कानि0, श्री सुनिल कुमार कानि0, चालक श्री शेर सिंह कानि0 चालक मय ट्रेप बॉक्स मय लेपटॉप, प्रिन्टर मय यू.पी.एस. एवं आवश्यक सामग्री के तथा जब्त शुदा सिलचिट बन्द धोवन की शिशियां एवं सिल्ड्शुदा रिश्वत राशि 2,40,000 रूपये लेकर एवं श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल एवं श्री रतन लाल खटीक को हमराह लेकर सरकारी वाहन टवेरा व निजी मोटर साईकिलो से ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ के लिये रवाना हुआ । इसके बाद समय करीब 06.50 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान के उपरोक्त फिगरा का रवाना शुदा ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पहूंचा जहां पर जब्त शुदा समस्त आर्टिकल्स को श्री सुनिल कुमार कानि0 से सुरक्षित सरकारी आलमारी में रखवाये गये तथा मालखाना इंचार्ज श्री श्याम लाल हैड कानि0 के ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पर उपस्थित आने पर नियमानुसार मालखाना आर्टिकल्स सुपुर्द किये जावेगें । तत्पश्चात् दोनो आरोपीगण श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल एवं श्री रतन लाल खटीक को कार्यालय में निगरानी में बैठाकर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही प्रारम्भ की गई ।

इसके पश्चात् समय करीब 07.30 पी.एम. पर उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही में आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक 09.11.2023 को 10.58 एएम पर ग्राम जाडाना में परिवादी श्री दिनेश तिवाडी के घर के सामने सरकारी भूमि जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा आवासीय प्लाटींग की हुई है वंहा पर हुई रूबरू वार्ता, दिनाक 14.11.2023 को 01.51 पीएम एंव दिनाक 29.11.2023 को 02.54 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडाना में हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन रूबरू वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड में रिकार्ड किया गया था। उक्त मैमोरी कार्ड को सरकारी डीवीआर में लगा कर डिवीआर को सरकारी कंम्पयुटर से कनेक्ट कर रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता की चार सीडी डब करवाई गई जिसमें एक सीडी न्यायालय, एक सीडी नमुना आवाज कार्यवाही हेतु, एक सीडी आरोपी हेतु, एक सीडी अनुसंधान अधिकारी हेतु कानि मान सिहं कानि0 से डब करवाई गई। उक्त चार सीडीयो पर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये। आई.ओ. सीडी को खुला रखा गया शेष तिन सीडीयो को अलग अलग सफेद कपडे की थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके उपरान्त समय करीब 08.15 पी.एम. पर उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही में आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक 09.11.2023 को 10.58 एएम पर ग्राम जाडाना में परिवादी श्री दिनेश तिवाडी के घर के सामने सरकारी भूमि जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा आवासीय प्लाटींग की हुई है वंहा पर हुई रूबरू वार्ता, दिनाक 14.11.2023 को 01.51 पीएम एंव दिनाक 29.11.2023 को 02.54 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडाना में हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन रूबरू वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड में रिकार्ड किया गया था। जो कि मुल वार्ता सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मेमोरी कार्ड में सुरक्षित है। उक्त डिवीआर को मान सिहं कानि द्वारा सरकारी कम्पयुटर से कनेक्ट कर एक पेन ड्राईव मेटल (16 जी.बी) ADATA कम्पनी का, उक्त तीनो वार्ताओं को पेन ड्राईव में लिया जाकर उक्त पेन ड्राईव को सफेद कपडे की थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर मार्क "पी." अंकित कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात् समय करीब 08.30 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना राशमी जिला चित्तौडगढ को ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ के पत्रांक 2225 दिनांक 01.12.2023 जारी कर परिवादी श्री दिनेश तिवाडी तथा श्री संजय सुखवाल सरपंच एवं श्री रतन लाल खटीक पूर्व सरपंच द्वारा आपस में एक दुसरे के विरूद्व दर्ज करवाये गये प्रकरणों से सम्बन्धित रिकॉर्ड की प्रमाणित छायाप्रतियां ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पर भिजवाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया एवं पत्रांक 2226 दिनांक 01.12.2023 जारी कर श्री संजय सुखवाल सरपंच एवं

श्री रतन लाल खटीक पूर्व सरपंच की क्रिमिनल हिस्ट्री भिजवाने हेतु लिखा जाकर प्रेषित किया गया ।

इसके उपरान्त समय करीब 09.00 पी.एम. पर स्वतंत्र गवाहान एवं परिवादी श्री दिनेश तिवाडी की उपस्थिति में दिनांक 01.12.2023 को समय करीब 04.10 पी.एम. पर परिवादी एवं आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ एवं श्री रतन लाल खटीक, पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ से रिश्वत राशि लेन–देन के दौरान आमने–सामने रूबरू, कार्यालय ग्राम पंचायत जाडाना पर हुई वार्ता जो कार्यालय के डिजिटल वॉईस टेप रिकॉर्डर में रिकार्ड की गई थी जिस पर उक्त डिजिटल वॉईस टेप रिकॉर्डर को कार्यालय के कम्प्यूटर से कनेक्ट कर उक्त वार्ता की फर्द ट्रांसक्रिप्ट श्री मान सिंह कानि0 से पृथक से तैयार करवाई गई जिस पर दोनों स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी एवं सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके बाद **समय करीब 10.00 पी.एम. पर** उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही में आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक 09.11.2023 को 10.58 एएम पर ग्राम जाडाना में परिवादी श्री दिनेश तिवाडी के घर के सामने सरकारी भूमि जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा आवासीय प्लाटींग की हुई है वंहा पर हुई रूबरू वार्ता, दिनाक 14.11.2023 को 01.51 पीएम एंव दिनाक 29.11.2023 को 02.54 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडाना में हुई रिश्वत राशि मांग सत्यापन रूबरू वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड में रिकार्ड किया गया था। जो कि मुल वार्ता सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मेमोरी कार्ड में सुरक्षित है। उक्त मूल मेमोरी कार्ड (ADATA कम्पनी के 32 जी.बी. मेमारी कार्ड बरंग काला व गुलाबी) को डिवीआर से निकालकर एक सफेद कागज में लपेटकर एक सफेद कागज के लिफाफे मे डालकर एक सफेद कपडे की थैली मे रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर मार्क "एम." अंकित कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये ।

इसके पश्चात् समय करीब 10.15 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष अब तक की कार्यवाही से आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल पुत्र श्री श्याम लाल सुखवाल उम्र 38 साल जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ हाल सरपंच, ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ को परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से कुल राशि 2,40,000 रूपये की रिश्वत राशि लिये जाने के उक्त कृत्य जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) से अवगत कराया जाकर हस्बकायदा गिरफतार किया जाकर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के कहे अनुसार उसके भाई श्री राजेन्द्र सुखवाल को जरिये मोबाईल दी गई । फर्द गिरफ्तारी पृथक से मुर्तिब की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल की गिरफ्तारी की सूचना उससे सम्बन्धित श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी राशमी जिला चित्तौडगढ के नाम पत्र जारी कर पृथक से प्रेषित किया गया ।

इसके पश्चात् समय करीब 10.30 पी.एम. पर उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही में आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक दिनांक 01.12.2023 को समय 04.10 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडान में हुई रिश्वत राशि लेन–देन वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड रिकार्ड किया गया था। जो कि मुल वार्ता सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मेमोरी कार्ड में सुरक्षित है। उक्त डिवीआर को सरकारी कम्पयुटर से कनेक्ट कर रिश्वत लेन देन वार्ता की चार सीडीया डब करवाई गई एक सीडी न्यायालय , एक सीडी नमुना आवाज कार्यवाही हेतु, एक सीडी आरोपी हेतु, एक सीडी अनुसंधान अधिकारी हेतु कानि मान सिहं कानि0 से तैयार करवाई गई। उक्त चार सीडीयो पर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये। आई ओ सीडी को खुला रखा गया शेष तीन सीडीयो को सफेंद कपडे की सफेद थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात् समय करीब 11.00 पी.एम. पर उपरोक्त स्वतंत्र गवाहान तथा परिवादी श्री दिनेश तिवाडी की उपस्थिति में, उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही मे आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक दिनांक 01.12.2023 को समय 04.10 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडान में हुई रिश्वत

राशि लेन–देन वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड में रिकार्ड किया गया था। जो कि मुल वार्ता सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मेमोरी कार्ड में सुरक्षित है। उक्त डिवीआर को मान सिहं कानि द्वारा सरकारी कम्पयुटर से कनेक्ट कर एक पेन ड्राईव मेटल (16 जी.बी) ADATA कम्पनी का, उक्त तीनो वार्ताओं कों पेन ड्राईव में लिया जाकर उक्त पेन ड्राईव को सफेद कपडे की थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर मार्क "पी.1" अंकित कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके उपरान्त समय करीब 11.30 पी.एम. पर उपरोक्त स्वतंत्र गवाहान तथा परिवादी श्री दिनेश तिवाडी की उपस्थिति में, आरोपी व परिवादी के मध्य दिनांक दिनांक 01.12.2023 को समय 04.10 पीएम पर ग्राम पंचायत जाडान में हुई रिश्वत राशि लेन–देन रूबरू वार्ता को सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मैमोरी कार्ड रिकार्ड किया गया था जो कि मुल वार्ता सरकारी डिजिटल वॉइस टेप रिकार्डर में लगे मेमोरी कार्ड में सुरक्षित है। उक्त मूल मेमोरी कार्ड (ADATA कम्पंनी के 32 जी.बी. मेमारी कार्ड बरंग काला व गुलाबी) को डिवीआर से निकालकर एक सफेद कागज में लपेटकर एक सफेद कागज के लिफाफे मे डालकर एक सफेद कपडे की थैली मे रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर मार्क "एम."1 अंकित कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये । धारा 65बीं का प्रमाण पत्र तैयार कर शामील पत्रावली किया गया । इसके उपरान्त समय करीब 11.55 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा दोनो स्वतंत्र गवाहान के समक्ष आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल पुत्र श्री श्याम लाल सुखवाल उम्र 38 साल जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ हाल सरपंच, ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ से उसकी आवाज का नमूना चाहने हेतु पृथक से तहरीर दी गई तो आरोपी द्वारा उक्त पत्र की प्रति पर अपनी आवाज नमूना नहीं देने हेतु अंकित किया गया जिस पर उक्त पत्र की प्रति को शामिल पत्रावली किया गया।

इसके उपरान्त दिनांक 02.12.2023 को समय करीब 12.35 ए.एम. पर श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0 एवं श्री सुरजमल कानि0 नम्बर 247 मय गिरफ्तार शुदा आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ को जरिये सरकारी वाहन टवेरा मय श्री शेर सिंह कानि0 ड्राईवर नम्बर 296 के राजकीय चिकित्सालय चित्तौडगढ से आरोपी का मेडीकल परीक्षण करवाकर परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर आरोपी को सुरक्षित पुलिस थाना कोतवाली जिला चित्तौडगढ मे जमा करवा रसीद प्राप्त कर ब्यूरो कार्यालय उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर जरिये तहरीर देकर रवाना किया गया । तत्पश्चात् समय करीबं 12.50 ए.एम. पर श्री रतन लाल खटीक पूर्व सरंपच जाडाना के काका के लडके श्री मांगी लाल खटीक ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ में हाजीर है श्री रतन लाल खटीक को श्री मांगी लाल खटीक के हमराह ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ से सुरक्षित हालत में अपने निवास स्थान हेतु रूखसत किया गया । इसके बाद समय करीब 01.10 ए.एम. पर श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0 एवं श्री सुरजमल कानि0 नम्बर 247 जरिये सरकारी वाहन नम्बर टवेरा मय श्री शेर सिंह कानि0 ड्राईवर नम्बर 296 के साथ आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ का राजकीय चिकित्सालय चित्तौडगढ मेडीकल परीक्षण करवाकर परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर आरोपी को सुरक्षित पुलिस थाना कोतवाली जिला चित्तौडगढ मे जमा करवा रसीद प्राप्त कर ब्यूरो कार्यालय मे उपस्थित आये। उक्त दोनो तहरीर को शामील कार्यवाही किया गया ।

इसके उपरान्त समय करीब 10.00 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा दौराने ट्रेप कार्यवाही मेरे मोबाईल से श्री सुनिल कुमार कानि0 से रिश्वत राशि लेन–देन के ईशारे के पश्चात् मौके पर आरोपी श्री संजय सुखवाल के स्पष्टीकरण की विडियों रिकॉर्डिंग करवाई गई थी एवं मेरे मोबाईल से फर्द पेशकशी नोट की कार्यवाही के फोटोग्राफ्स खींचे गये । उक्त फोटोग्राफ तैयार कर शामील पत्रावली किये गये एवं उक्त विडियों रिकॉर्डिंग को मेरे मोबाईल को कार्यालय के कम्प्यूटर से कनेक्ट कर उक्त मूल ही फाईल को एक पेन ड्राईव (16 जी.बी) ADATA कम्पनी का, उक्त वार्ता को पेन ड्राईव में लिया जाकर उक्त पेन ड्राईव को सफेद कपडे की थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर मार्क "पी.2" अंकित

कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। इसके पश्चात् समय करीब 10.30 ए.एम. पर उपरोक्त मौतबिरान के समक्ष ट्रेप कार्यवाही में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा दौराने ट्रेप कार्यवाही मेरे मोबाईल से श्री सुनिल कुमार कानि0 से रिश्वत राशि लेन–देन के ईशारे के पश्चात् मौके पर आरोपी श्री संजय सुखवाल के स्पष्टीकरण की विडियों रिकॉर्डिंग करवाई गई थी एवं मेरे मोबाईल से फर्द पेशकशी नोट की कार्यवाही के फोटोग्राफ्स खींचे गये । उक्त फोटोग्राफ तैयार कर शामील पत्रावली किये गये एवं उक्त विडियों रिकॉर्डिंग को मेरे मोबाईल को कार्यालय के कम्प्यूटर से कनेक्ट कर उक्त मूल ही फाईल की तीन डीवीडियां डब करवाई गई एक डीवीडि न्यायालय, हेतु, एक डीवीडि आरोपी हेतु, एक डीवीडि अनुसंधान अधिकारी हेतु कानि मान सिहं कानि0 से तैयार करवाई गई। उक्त तीनों सीडीयो पर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये गये। आई ओ सीडी को खुला रखा गया शेष दो सीडीयो को सफेंद कपडे की सफेद थेली में रखकर कपडे की थैली को सिल्ड् कर कपडे की थैली पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। उक्त कार्यवाही के फोटोग्राफ एवं विडियों रिकॉर्डिंग जो मेरे मोबाईल से की गई थी के सम्बन्ध में धारा 65बी. का प्रमाण पत्र मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया जाकर शामील पत्रावली किया गया ।

इसके उपरान्त समय करीब 11.15 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू द्वारा श्री सुरजमल कानि0 एवं श्री सुनिल कुमार कानि0 को जरिये सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 को आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ को पुलिस थाना कोतवाली चित्तौडगढ से प्राप्त कर ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पर लाने हेतु रवाना किया गया । तत्पश्चात् समय करीब 11.30 ए.एम. पर श्री सुरजमल कानि0 एवं श्री सुनिल कुमार कानि0 जरिये सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 मय आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ को पुलिस थाना कोतवाली चित्तौडगढ से प्राप्त कर ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पर उपस्थित आये जिस पर आरोपी को ब्यूरो कार्यालय की निगरानी में बैठाया गया । इसके उपरान्त समय करीब 11.35 ए.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच ने स्वेच्छा से पूर्व में ली गई 01 लाख रूपये की रिश्वत के सम्बन्ध में बताया कि उक्त रिश्वत राशि को मैनें मेरे भाई श्री राजेन्द्र सुखवाल एडवोकेट के पास सुरक्षित रखवाई गई है जो मैं आपको बरामद करवा सकता हूं जिस पर उक्त इत्तला पर धारा 27 भारतीय साक्ष्य अधिनियम की फर्द सूचना पृथक से तैयार की, आरोपी ने बताया कि मेरे भाई श्री राजेन्द्र सुखवाल से 01 लाख रूपये मैं मेरे मित्र श्री रतन लाल खटीक पूर्व सरपंच निवासी जाडाना से मंगवा लूंगा । इसके पश्चात् समय करीब 12.40 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनो स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी श्री दिनेश तिवाडी मय जाप्ता श्री नेमीचन्द ए.एस.आई तथा श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0 मय लेपटॉप, प्रिन्टर मय स्टेशनरी मय पत्रावली जरिये सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 के हमराह वक्त घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार करने एवं आरोपी श्री संजय सुखवाल के रिहाईशी आवास की खाना तलाशी लेने हेतु ग्राम जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ के लिये रवाना हुआ । इसके उपरान्त समय करीब 01.30 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान उपरोक्त फिगरा का रवाना शुदा कार्यालय ग्राम पंचायत जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ पहूंचा जहां पर दोनो स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष परिवादी श्री दिनेश तिवाडी की निशांदेही से घटनास्थल का फर्द नक्शा मौका तैयार किया जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवायें तथा बाद नक्शा मौका घटनास्थल से फारीख हो मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनो स्वतन्त्र गवाहान मय जाप्ता आरोपी के रिहाईशी आवास की खाना तलाशी लेने हेतु घटनास्थल से रवाना हुआ । इसके पश्चात् समय करीब 02.00 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान उपरोक्त फिगरा का रवाना शुदा मय हमराहीयान ग्राम जाडाना स्थित आरोपी के रिहाईशी आवास पर पहूंचा जहां पर आवास के बाहर श्री श्याम लाल शर्मा हैड कानि0 उपस्थित मिला । ग्रामीण नागरिको ने बताया कि जो आपने कार्यवाही की है इसके लिये ब्यूरो का बहुत–बहुत धन्यवाद और बताया कि, सरपंच श्री संजय सुखवाल ने जो गरीब श्री दिनेश तिवाडी से जो 01 लाख रूपये लिये है वह इसके घर में ही है तथा ब्यूरो का समस्त स्टाफ ट्रेप कार्यवाही

में व्यस्त होने से तथा मैं स्वयं इस कार्यवाही में व्यस्त होने से उदयपुर जाकर वारन्ट प्राप्त किया जाना सम्भव नही होने से ऐसी स्थिति में धारा 165 सी.आर.पी. सी. के प्रावधानों के तहत् तलाशी लिया जाना उचित रहेगा नही तो इन रूपये के खुर्द–बुर्द की संभावना है । पुलिस उप अधीक्षक गंगरार से महिला कानि0 श्रीमती निर्मला कानि0 नम्बर 964 एवं श्री कालूराम कानि0 पुलिस थाना गंगरार भी मौके पर मदद के लिये उपस्थित है । आरोपी के पिता की तबियत खराब होने से वह चित्तौडगढ डॉ. को दिखाने गये हुए है आरोपी के मित्र श्री बबलू पारीक मौके पर उपस्थित है । आरोपी की पत्नि श्रीमती रतन भी उपस्थित है जिसको हमराह लेकर आवास में प्रवेश कर आरोपी के रिहाईशी आवास की नियमानुसार तलाशी ली जाकर फर्द खाना तलाशी पृथक से मुर्तीब की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये । मौके से कोई भी वस्तु/दस्तावजात् जब्त नही किये गये । फर्द की कॉपी निशुल्क मौके पर दी गई । आरोपी के निवासी स्थान की फोटोग्राफी की गई जिसकी प्रिन्ट निकलवाकर शामील पत्रावली की गई । तत्पश्चात् समय करीब 04.00 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनो स्वतन्त्र गवाहान, परिवादी श्री दिनेश तिवाडी मय जाप्ता श्री नेमीचन्द ए.एस.आई, श्री श्याम लाल शर्मा हैड कानि0, श्री ओमप्रकाश शर्मा हैड कानि0 मय लेपटॉप, प्रिन्टर मय स्टेशनरी मय पत्रावली जरिये सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 के आरोपी के रिहाईशी आवास की बाद खाना तलाशी के फारीख होकर ग्राम जाडाना से ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ के लिये रवाना हुआ । इसके बाद समय करीब 04.40 पी.एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान के उपरोक्त फिगरा का ग्राम जाडाना से रवाना शुदा ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पहूंचा जहां पर आरोपी श्री संजय सुखवाल को निगरानी में बैठाया गया । दौराने ट्रेप कार्यवाही वजह समस्त जप्त शुदा धोवन की शिशियां, सिलचिट बन्द रिश्वत राशि, सीडीयां, डीविडी, पेन ड्राईव, मेमोरी कार्ड इत्यादि समस्त मालखाना आर्टिकल्स को कार्यालय की सरकारी अलमारी से श्री सुनिल कुमार कानि0 से निकलवाया जाकर श्री श्याम लाल शर्मा मालखाना इंचार्ज को जमा मालखाना करने हेतु सुरक्षित हालत मे सुपुर्द किया गया । इसके उपरान्त समय करीब 05.30 पी.एम. पर आरोपी श्री संजय सुखवाल का मित्र श्री रतन लाल, खटीक पूर्व सरपंच निवासी ग्राम जाडाना तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ 01 लाख रूपये की राशि लेकर ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आया है तथा पूछने पर बताया कि उक्त 01 लाख रूपये की राशि मैं श्री संजय सुखवाल के भाई श्री राजेन्द्र सुखवाल एडवोकेट के पास से लेकर आया हूं जिसके बारे में आज मुझे श्री संजय सुखवाल ने लाने हेतु कहा था । आरोपी श्री संजय सुखवाल ने बताया कि यह वो राशि है जो मैंने श्री दिनेश तिवाडी से दिनांक 14.11.2023 को 40000 रूपये एवं दिनांक 29.11.2023 को 60000 रूपये पूर्व में रिश्वत राशि के रूप में लिये थे जिसकी मैंनें मौके की कार्यवाही के दौरान भी स्वीकार किया तथा आज सुबह स्वैच्छा पूर्वक उक्त राशि को बरामद कराने हेतु आपको सूचना दी थी । उक्त 01 लाख रूपये की रिश्वत राशि ट्रेप कार्यवाही में वांछित होने से जरिये फर्द जुदा गाना जब्त की जाकर स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष वजह सबूत कब्जे ब्यूरो ली गई । फर्द जब्ती पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाकर शामील पत्रावली की गई । तत्पश्चात् समय करीब 07.30 पी. एम. पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार श्री नेमीचन्द ए.एस.आई, श्री मान सिंह कानि0 मय गिरफ्तार शुदा आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ एवं को मय सरकारी वाहन टवेरा मय चालक श्री शेर सिंह कानि0 वास्ते जे.सी. रिमाण्ड पेश करने मय केस डायरी के माननीय न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम उदयुपर के लिये रवाना किया ।

इस प्रकार अब तक की कार्यवाही से यह पाया गया है कि आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल, सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ द्वारा एक लोकसेवक होते हुये अपने वैद्य परिश्रमिक के अलावा पदीय कार्य करने में भ्रष्ट एवं अवैध तरीके से परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से उसके कब्जे शुदा प्लॉट का पट्टा देने की एवज में कुल 3,40,000 रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान करने पर परिवादी द्वारा दिनांक 07.11.2023 को ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ पर उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट पेश की जिस पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए दिनांक 09.11.2023, 14.11.2023 एवं 29.11.2023 को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाया गया तो दिनांक 09.11.2023 को सत्यापन वार्ताओं के दौरान आरोपी श्री संजय

सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल सरपंच, ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ द्वारा परिवादी श्री दिनेश तिवाडी से उसके कब्जे शुदा प्लॉट का पट्टा देने की एवज में कुल 3,40,000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग की गई तथा पुनः रिश्वत राशि मांग सत्यापन दिनांक 14.11.2023 को 40,000 रूपये की रिश्वत राशि मांगकर प्राप्त करना तथा पुनः रिश्वत राशि मांग सत्यापन दिनांक 29.11.2023 को 60,000 रूपये की रिश्वत राशि मांगकर प्राप्त की गई तथा शेष रिश्वत राशि बाद में देना तय हुआ तथा आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच द्वारा परिवादी को यह भी कहना कि यदि वह शेष रिश्वत राशि 2,40,000 रूपये नही देगा तो उसके कब्जे शुदा प्लाट का कब्जा हटवाकर किसी ओर को उक्त प्लॉट का कब्जा दे दूंगा । इस प्रकार दिनांक 14.11.2023 एवं 29.11.2023 को दोनो दिनांकों में कुल (40000+60000=100000) 1,00,000 रूपये की रिश्वत राशि मांगकर प्राप्त करना एवं दौराने ट्रेप कार्यवाही दिनांक 01.12.2023 को शेष 2,40,000 रूपये की रिश्वत राशि मांगकर ग्रहण करना प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है । उक्त कार्यवाही से सम्बन्धित संदिग्ध श्री रतन लाल खटीक, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ की भूमिका के सम्बन्ध में अनुसंधान के दौरान जांच की जावेगी । श्री संजय सुखवाल सरपंच से 2,40,000 रूपये मौके से तथा 01 लाख रूपये की रिश्वत राशि धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत् बरामद किये जा चुके है । इस प्रकार कुल रिश्वत राशि 3,40,000 रूपये को बरामद कर लिये गये है ।

इस प्रकार आरोपी श्री संजय सुखवाल सरपंच ग्राम पंचायत जाडाना पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ का उक्त कृत्य धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के तहत दण्डनीय अपराध है।

अतः आरोपी श्री संजय सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल पुत्र श्री श्याम लाल सुखवाल उम्र 38 साल जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम जाडाना, तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ हाल सरपंच, ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ के विरूद्व बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट वास्ते कमांकन मुख्यालय प्रेषित है ।

भवदीय,

(कैलाश सिंह सांदू)
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
चित्तौडगढ

कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री कैलाश सिंह सांदू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चित्तौड़गढ़ ने प्रेषित की है। रिपोर्ट के तथ्यों से जुर्म अन्तर्गत धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) में आरोपी श्री संजय कुमार सुखवाल उर्फ संजू सुखवाल पुत्र श्री श्याम लाल सुखवाल, हाल संरपच, ग्राम पंचायत जाडाना, पंचायत समिति राशमी जिला चित्तौडगढ़ के विरूद्ध घटित होना पाया गया है। अतः प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 301/2023 उपरोक्त धारा में दर्ज कर प्रतियॉ नियमानुसार जारी की गई। अनुसंधान जारी है।

03/12/23

(विशनाराम)
पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।

क्रमांकः–3111–14

दिनांकः–03.12.2023

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, क्रम संख्या–1 उदयपुर।
2. निदेशक, ग्रमीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर।
4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चित्तौड़गढ़।

पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।